एसईएफसीओ-2025

चर्चा में क्यों?

वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् - भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (CSIR-IIP), देहरादून 23 से 25 अप्रैल 2025 तक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन **"ऊर्जा भविष्य को आकार देना: चुनौतियाँ और अवसर" (SEFCO-2025) की मेज़बानी कर रहा है।**

मुख्य बिंदु

- **SEFCO के बारे में:**
  - CSIR-IIP ने **2017 में SEFCO** सम्मेलन का पहला संस्करण आयोजित किया था।
  - इसका उद्देश्य ऊर्जा और रसायन क्षेत्र में चुनौतियों और अवसरों का समाधान करके **एक टिकाऊ ऊर्जा भविष्य के विकास में योगदान करना है।**
  - **यह SEFCO सम्मेलन** का **7वाँ** संस्करण **है** और यह एक अंतर्राष्ट्रीय आयोजन बन गया है।
  - **SEFCO-2025 का विषय** है **" सस्ती ऊर्जा और रसायनों के साथ एक सतत भविष्य को उत्प्रेरित करना।"**
- **SEFCO-2025 की मुख्य विशेषताएँ:**
  - तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के व्याख्यान होंगे, जिनमें शिक्षा और उद्योग जगत के युवा वैज्ञानिक और शोधकर्त्ता भी शामिल होंगे।
  - SEFCO-2025 में **राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 300** से अधिक प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।
  - सम्मेलन में **CSIR-IIP के तकनीकी नवाचारों और अनुसंधान उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी भी शामिल है।**
  - SEFCO-2025 को प्रमुख सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के संगठनों से मज़बूत समर्थन प्राप्त हुआ है, जिनमें शामिल हैं:
    - तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ONGC), **इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (EIL),** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (BPCL), **क्रिस्टोल, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IOCL),** गेल, **एयरबस,** नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (NRL), **चेन्नई पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (CPCL) और आरएल सॉल्यूशंस।**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)

- **वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) वर्ष 1942 में स्थापित सबसे बड़े अनुसंधान एवं विकास (R&D) संगठनों में से एक** है।
  - इसका वित्तपोषण **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय** द्वारा किया जाता है तथा यह **सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860** के तहत एक स्वायत्त निकाय के रूप में कार्य करता है।
- **यह** रेडियो और अंतरिक्ष भौतिकी, समुद्र विज्ञान और **भूभौतिकी से लेकर जैव प्रौद्योगिकी,** नैनो प्रौद्योगिकी, **खनन, वैमानिकी, पर्यावरण इंजीनियरिंग एवं सूचना प्रौद्योगिकी तक** के व्यापक क्षेत्रों को कवर करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sefco-2025